होने के बाद भाायद आनरेबल मैंबर्ज को यह भाकूको खद ाात ही न होते। During the course of discussion on a Bill the Members have unfettered discretion and power to expression to their views. परन्तु यूं ही इस बात का सहारा लेकर उन आनरेबल मैंबर्ज ने सरकार पर कटाक्ष किए। हरियाणा सरकार ने जो भी काम तरक्की के किए हैं, अपोजी ान के भाईयों ने जरूर ही उस पर नुक्ताचीनी करनी है, जो कि नावाजिब है। चूंकि कुछ बातें जो उन्होंने इस बिल पर बोलते हुए कही हैं वे नावाजिब थीं, इसलिए इस मौके पर मैं उन बातों का जवाब देना मुनासिब नहीं समझता, वक्त आने पर मैं उन बातों का जवाब दूंगा। (विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इस मौके पर कोई लम्बी चौडी तकरीर नहीं करना चाहता। मैं प्रार्थना करूंगा कि इस बिल को पास कर दिया जाए।

Deputy Speaker: Question is-

That the Court Fees (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Deputy Speaker: Now the House will take up the Bill clause by clause.

Clauses 2

Deputy Speaker: Question is-

That cluases 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clauses 3

Deputy Speaker: Question is-

That cluases 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clauses 1

Deputy Speaker: Question is-

That cluase 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Deputy Speaker: Question is-

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Deputy Speaker: Question is-

That Titel be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Reveue Minister (Pandit Chiranji Lal Sharma): Madam, I beg to move-

That the Court Fees (Haryana Amendment) Bill be passed.

Deputy Speaker: Motion moved-

That the Court Fees (Haryana Amendment) Bill be passed.

Deputy Speaker: Question is-

That the Court Fees (Haryana Amendment) Bill be passed.

The motion was carried.

दि हरियाणा सैलरीज एंड अलांउसिज आफ मिनिस्टर्ज

(अमैंडमैंट) बिल, 1976

Chief Minister (Sh. Banarsi Dass Gupta): Madam, I beg to introduce the Haryana Salaries and Allowances of Ministers (Amendment) Bill, 1976.

I also beg to move-

That the Haryana Salaries and Allowance (Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

Deputy Speaker: Motion moved-

That the Haryana Salaries and Allowance (Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

श्री बनारसी दास गुप्तः उपाध्यक्ष महोदया, ये तीनों बिल एक जैसे ही हैं, जिनके द्वारा अनामली दूर की गई है, इसलिए मैं समझता हूं कि इन पर ज्यादा बहस की जरूरत नहीं है।

चौधरी रिजक राम (राई): डिप्टी स्पीकर साहिबा, जहां तक इस बिल में अनामली दूर की गई है मुख्य मंत्री जी ने ठीक फरमाया कि यह बिल कोई ऐसा नहीं है जिस पर बहस की जरूरत हो और मैं भी सिर्फ इसलिए खडा हुआ हूं कि ये तीन बिल लगातार एक जैसे ही हैं लेकिन इनको पढने से यह पता नहीं लगता कि अनामली दूर की गई है या बढाई गई है। मैं चीफ मिनिस्टर साहब से गुजारि ा करूंगा कि इन्हें पास करने से पहले जरा समझा दें।

मुख्य मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्त): उपाध्यक्ष महोदया, यह तो इतनी बात है कि इस विधान सभा का जो मैंबर है उसको जितनी सैलरी मिलती है या अलाउंसिज मिलते हैं, वे इन्कम टैक्स प्वायंट आफ व्यू से उसकी पूरी इन्कम मानी जाती हैं। अगर किसी मैंबर की केवल यह इन्कम हो तो इस पर इन्कमटैक्स सरकार पे करती है और जब कभी एक मैंबर मिनिस्टर बन जाता है तो मिनिस्टर बनने के बाद वह जो सैलरी और अलाउंसिज लेता है और मैंबर की हैसियत से जो लेता था, उसमें इन्कम टैक्स की दृश्टि से कुछ कठिनाइयां आती थीं उन कठिनाइयों या अनामलीज को दूर करने के लिए यह अमैंडमैंट तीनों बिलों में लाई गई हैं। इसी प्रकार कोई मिनिस्टर, मिनिस्टर न रहे और इसी प्रकार कोई

मैंबर डिप्टी स्पीकर बन जाए, या स्पीकर बन जाए तो इन तीनों प्रकार के बिलों में इंकम टैक्स प्वायंट आफ व्यू से यह कठिनाई आती थी जिसको दूर करने के लिए यह सं ाोधन लाया गया हैं।

चौधरी फूल चन्द (रोहट): इसके मायने यह तो नहीं है कि एक मिनिस्टर बतौर मैंबर के भी अलाऊंस ले और बतौर मिनिस्टर के भी ले ?

श्री बनारसी दास गुप्तः बतौर मैंबर के मैंबर का लेता है और बतौर मिनिस्टर के मिनिस्टर का लेता हैं ऐसी बात नहीं कि दोनों का लेता है।

चौधरी दल सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं मुख्यमंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे मेरी तरफ भी कुछ ध्यान दें। मैं समझता हूं कि फर्ज करो हमें यहां से 6 हजार रूपए मिलते हैं तो उसके ऊपर इन्कम टैक्स नहीं लगेगा, लेकिन अगर इसके अलावा हमारी अपनी तीन हजार इन्कम होगी, तो इसको 6 हजार में मिला कर हमें 9 हजार पर इनकम टैक्स देना पडेगा। तो मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि अगर हमारी अपनी इनकम में इस 6 हजार को भाामिल किया जाना है, तो इस पर 6 हजार पर इनकम टैक्स सरकार दे। लेकिन जिस तरह से ये करने जा रहे हैं उससे तो ये हमारे ऊपर टैक्स लगाने का जरिया बना रहे हैं। यह हमारे से रियायत से नहीं है। तो मेरी गुजारि ा यह है कि जिस तरह से

यू0पी0 में है उसी तरह से सरकार इसे कांसटीच्युएंसी अलाऊंस कर दे क्योंकि उस पर टैक्स नहीं लगता।

श्री बनारसी दास गुप्तः ऐसा है कि अगर किसी व्यक्ति की आय केवल वही है जो वह बतौर मैंबर के लेता है या बतौर मिनिस्टर के लेता है या बतौर स्पीकर या डिप्टी स्पीकर के लेता है तो उसके ऊपर कोई टैक्स नहीं लगेगा, लेकिन अगर उसकी और भी आमदनी का जरिया है, दस हजार हो, बीस हजार हो, पचास हजार हो, एक लाख या दो लाख हो उस पर टैक्स लगेगा और उसमें यह रा ि ा भी इनकम में भाामिल होगी, जो सरकार देती है। यह बात ठीक है कि इस इनकम को उसमें जोडकर सलैब हाई हो जाएगा और रेट आफ टैक्स बढ जाएगा तो यह कोई बडी बात नहीं है।

चौधरी रिजक रामः मेरा प्वांयट आफ क्लैरिफिके ान है। जो यह छः हजार रूपए है इसको मिलाने से सलैब तो बढ जाएगा लेकिन इस छः हजार पर जो टैक्स लगेगा उसे सरकार को बर्दा त करना चाहिए।

Deputy Speaker: Question is-

That the Haryana Salaries and Allowance (Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Deputy Speaker: Now the House will take up the Bill clause by clause.

Clauses 2

Deputy Speaker: Question is-

That cluases 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clauses 3

Deputy Speaker: Question is-

That cluases 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clauses 1

Deputy Speaker: Question is-

That cluase 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Deputy Speaker: Question is-

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Deputy Speaker: Question is-

That Titel be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Chief Minister (Sh. Banarsi Dass Gupta): Madam, I beg to move-

That the Haryana Salaries and Allowance (Amendment) Bill, be passed.

Deputy Speaker: Motion moved-

That the Haryana Salaries and Allowance (Amendment) Bill, be passed.

Deputy Speaker: Question is-

That the Haryana Salaries and Allowance (Amendment) Bill, be passed.

The motion was carried.

दि हरियाणा लैजिसलेटिव असैम्बली स्पीकर्ज एंड डिप्टी स्पीकर्ज सैलरीज एंड अलांउसिज (अमैंडमैंट) बिल, 1976

Chief Minister (Sh. Banarsi Dass Gupta): Madam, I beg to introduce the Haryana Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries and Allowances (Amendment) Bill, 1976.

Madam, I also beg to move-

That the Haryana Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries and Allowances (Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

Deputy Speaker: Motion moved-

That the Haryana Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries and Allowances (Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

Deputy Speaker: Question is-

That the Haryana Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries and Allowances (Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Deputy Speaker: Now the House will take up the Bill clause by clause.

Clauses 2

Deputy Speaker: Question is-

That cluases 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clauses 1

Deputy Speaker: Question is-

That cluase 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Deputy Speaker: Question is-

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Deputy Speaker: Question is-

That Titel be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Chief Minister (Sh. Banarsi Dass Gupta): Madam, I beg to move-

That the Haryana Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries and Allowances (Amendment) Bill, be passed.

Deputy Speaker: Motion moved-

That the Haryana Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries and Allowances (Amendment) Bill, be passed.

Deputy Speaker: Question is-

That the Haryana Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries and Allowances (Amendment) Bill, be passed.

The motion was carried.

दि हरियाणा सैलरीज एंड अलांउसिज आफ मिनिस्टर्ज

(अमैंडमैंट) बिल, 1976

Chief Minister (Sh. Banarsi Dass Gupta): Madam, I beg to introduce the Haryana Legislatvie Assembly (Allowances of Members) Amendment Bill, 1976.

Madam, I also beg to move-

That the Haryana Legislatvie Assembly (Allowances of Members) Amendment Bill, be taken into consideration at once.

Deputy Speaker: Motion moved-

That the Haryana Legislatvie Assembly (Allowances of Members) Amendment Bill, be taken into consideration at once.

चौधरी प्रताप सिंह (बेरी): डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं गवर्नमैंअ की तवज्जोह इस अमर की तरफ दिलाना चाहता हूं कि पहले जो बिल थे उनसे हाउस के कुछ सैक ान को यानी मिनिस्टर्ज, स्पीकर, डिप्टी स्पीकर को कंसै ान मिला है लेकिन जो दूसरे हैं, उनको रिलीफ की बजाय उल्टा नुकसान हो रहा है, जैसे कि चौधरी रिजक राम जी जो वकील हैं, अगर एक एम0एल0ए0 होकर मिनिस्टर बन जाएं और उसकी सारी तनख्वाह वगैरह 5 हजार से ऊपर हो, तो उनको इनकम टैक्स फ्री है, लेकिन अगर वह लैजिस्लेटर रहे और साथ वकालत करे या कोई और कारोबार करता हो, तो फिर वह 60 हजार पर इनकम टैक्स देता है तो जो कमाकर खाते हैं, उनको रिलीफ नहीं है, लेकिन जो मिनिस्टर बन जाएं उन्हें रिलीफ है। मेरी अर्ज यह है कि बाबू गुलाब सिंह जैसे

स्पै ालिस्ट से जो इनकम टैक्स के नीचे ऊंचे भेद जानते हैं, एक कमेटी बनाकर इस बात की जांच करवाई जाए, कि इन मैंबरों को रिलीफ कैसे दिया जाए। जो प्रोफै ानल हैं, उनका स्लैब इतना पडता है कि जो उनको 5 सौ रूपए अलाऊंस के मिलते हैं, वे भी साफ हो जाते हैं, और साथ ही कुछ और भी ले जाते हैं। इसके अलावा कुछ मैंबर गलती से और भी मारे गए बडी मु कल से उनहोंने पटियाले के कमि नर को यकीन दिलाया कि हमारी साधारण गलती है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, उन पर न सिर्फ इनकम टैक्स लगा बल्कि पैनल्टी भी बहुत लगी और बहुत सारे केसिज पैंडिंग हैं। मेरी गुजारि ा यह है कि जैसे डिप्टी स्पीकर साहिबा, और वुजरा साहिबान को इनकम टैक्स में रियायतें मिली हैं, ऐसे ही उन लैजिस्लेटर्ज को जो दूसरे काम करते हैं, कंसै ान मिलना चाहिए। इन अलफाज के साथ मैं अपनी जगह लेता हूं।

चौधरी रिजक राम (राई): डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस बिल के बारे में अब मैं समझता हूं। बहुत चर्चा करनै की जरूरत नहीं है क्योंकि दौलता साहब ने अपनी स्पीच में जो जरूरी बातें थीं, कह दीं हैं, लेकिन एक बात और जिसका इसके साथ सम्बंध है, मैं आपके द्वारा मुख्य मंत्री साहब तक पहुंचाना चाहता हूं। मैं उनसे अपील भी करना चाहता हूं कि वे इस पर ठंडे दिल से हमदर्दाना गौर करें। डिप्टी स्पीकर साहिबा, कुछ हमारे लेजिस्लेटर्ज ऐसे हैं जो कि जेर दफा 107 या डी0आई0आर0 वगैरह के तहत अंडर डिटैं ान हैं। सारे दे ा के ऐक्टस के जो

प्रोविजन्ज हैं, उनमें कही भी ऐसा प्रोविजन नहीं है कि लेस्जिलेटर्ज जो दफा 107 या डी0आई0आर0 में गिरफ्तार हुए हों, उनको कोई अलाऊंस न मिले, उनके बच्चे भूखे बैठे रहे। डिप्टी स्पीकर साहिबा, उन मैंबरों को एक एक साल हो गया है, जेलों में बंद कर रखा है और उनके बच्चे भूखे रहते हैं। आखिर वे हमारे साथी हैं, उनके साथ ऐसा सलूक नहीं होना चाहिए। दे ा भर में कहीं भी ऐसा प्रोविजन नहीं कि जो मैंबर इस तरह जेल में बंद हों, उनको भत्ता न मिले। तो मैं अपने मुख्य मंत्री साहब से गुजारि ा करूंगा कि वे इसके बारे में विचार करके अगर तरमीम करें तो उनकी मेहरबानी होगी।

श्री बनारसी दास गुप्तः डिप्टी स्पीकर महोदय, यह जो इनकम टैक्स ऐग्जम्प ान का बिल हाउस के सामने है, इसके बारे में मैं आपकी खिदमत में अर्ज करूंगा कि यह इनकम टैक्स वाला मामला एक बडा खतरनाक मामला है। अगर कोई रिटर्न भरने में लेट हो जाए, तो उसको पैनल्टी लगाते हैं और इसके साथ अब एक ऐसी बीमारी आ गई है कि टैक्स रिट्न के साथ ही जमा कराना पडेगा। तो इस 5 हजार पर जो रिलीफ मिलना था वह भी उल्टा खतरे में हो गया है, क्योंकि उसके साथ हमारी दूसरी आमदनी मिलाकर वह स्लैब बहुत बडा बन जाता है। जैसा कि चौधरी रिजक राम जी ने मुझ से पहले फरमाया है जो मैंबर्ज डिटेन किए हुए हैं, उनको भत्ता देने के बारे में आपको ठंडे दिल से हमदर्दाना नजरिए से विचार करके तरमीम लानी चाहिए। मेरा

ख्याल है कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहब, इस बात को करेंगे और जो मैंने अर्ज किया है, इस पर भी गौर करके प्रोफै ानल लेजिस्लेटर्ज को जो साथ दूसरा काम करते हैं रिलीफ देने के लिए विचार करेंगे।

Deputy Speaker: Question is-

That the Haryana Legislatvie Assembly (Allowances of Members) Amendment Bill, be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Deputy Speaker: Now the House will take up the Bill clause by clause.

Clauses 2

Deputy Speaker: Question is-

That cluases 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clauses 3

Deputy Speaker: Question is-

That cluases 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clauses 1

Deputy Speaker: Question is-

That cluase 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Deputy Speaker: Question is-

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Deputy Speaker: Question is-

That Titel be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Chief Minister (Sh. Banarsi Dass Gupta): Madam, I beg to move-

That the Haryana Legislatvie Assembly (Allowances of Members) Amendment Bill, be passed.

Deputy Speaker: Motion moved-

That the Haryana Legislatvie Assembly (Allowances of Members) Amendment Bill, be passed.

Deputy Speaker: Question is-

That the Haryana Legislatvie Assembly (Allowances of Members) Amendment Bill, be passed.

The motion was carried.

दि हरियाणा सीलिंग आन लैंड होल्डिंग्ज (सैकिंड अमैंडमैंट) बिल, 1976

चौधरी प्रताप सिंह दौलता: डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपके जरिए रेवैन्यू मिनिस्टर साहब से रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि जो लैण्ड सीलिंग वाला बिल है, उसको कल या परसों ले लें तो बडी मेहरबानी होगी क्योंकि यह बहुत डिटेल्ड और कम्प्लीकेटिड बिल है।

मुख्य मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्त): डिप्टी स्पीकर साहिबा,ऐसा है कि यह जो बिल है, इस पर पूरी तरह पहले बहस हो चुकी थी, अब तो माइनर सी अमैंडमैंट है, इसमें और अभी टाइम भी है, इसलिए इसे टेकअप कर लें।

Revenue Minister (Pandit Chiranji Lal Sharma): Madam, I beg to introduce the Haryana Ceiling on Land Holdings (Second Amendment) Bill, 1976.

Voices: Yes.

चौधरी ि ाव राम वर्मा: उपाध्यक्ष महोदया, मैंने जो डिस्एप्रूवल का नोटिस दिया है, इसके बारे में मैं प्रस्ताव करता हूं :—

कि यह सदन हरियाणा भूमि जोत की अधिकत सीमा (द्वितीय सं ाोधन) अध्यादे ा, 1976 (1976 का हरियाणा अध्यादे ा संख्या 7) का निरनुमोदन करता है।

Deputy Speaker: Motion moved-

That the Haryana Ceiling on Land Holdings (Second Amendment) Ordinance, 1976 (Haryana Ordinance No. 7 of 1976).

चौधरी रिजक राम: डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन्हौंने यह तजवीज नहीं किया, जो आपने पढ दिया। (हंसी)

उपाध्यक्षा: मैं तो यह समझती हूं कि इन्होंने अंग्रैजी का तजुमी हिन्दी में किया है। (हंसी एवं विघ्न)

Pandite Chiranji Lal Sharma: Madam, I beg to move-

That the Haryana Ceiling on Land Holdings (Second Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

Deputy Speaker: Motion moved-

That the Haryana Ceiling on Land Holdings (Second Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

चौधरी ि ाव राम वर्मा (नीलोखेड़ी): उपाध्यक्ष महोदया, इस बिल को अस्वीकृत करने का इस सदन में जो प्रस्ताव मैंने दिया है, अब मैं उसके बारे में कहना चाहूंगा। कई बातें इसके अंदर ऐसी हैं, जिन्होंने पहला जो ऐक्ट था उसमें भी कुछ

कमजोरी कर दी है और लोगों के लिए बडी मु कल पैदा कर ली है। सबसे पहले तो मैं कहना चाहूंगा कि इस बिल के जो प्रोवाइजो हैं, उसके चौथे प्रावाइजों में लिखा है:—

"(iv) a tenant, settled on the surplus area by the land owner before Kharif 1968."

यानी उसको 1968 से पहले से यदि उस पर का त करता है तो मुजारा समझा जाएगा। मैं समझता हूं कि यह पाबन्दी लगाना ठीक नहीं होगा। (विघ्न) 1968 से पहले का त करता हो, उस जमीन को सरप्लस जमीन को, तो उसका मुजारा समझा जाएगा। जो आज से चार पांच साल पहले का त करना होगा उसको क्यों उखाडेंगे, उसके लिए कितनी मु कल पैदा होगी यह विचारने की बात है। इसलिए मैं चाहता हूं कि यह अध्यादे ा नामंजूर हो जाए या इसके अंदर सुधार कर लिया जाए। जो 1968 के बाद का तकर रहे होंगे, तीन चार साल से और उनको आज उखाडने की बात होगी तो वह कहां जाएंगे। यह सोचने की बात है। इसलिए यह भार्त हटाई जानी चाहिए।

इससे आबे क्लाज नम्बर 5 के द्वारा सैक ान 18 मे ंजो अमैंडमैंट की गई है उसमें (1) और (2) में मद्दत में कमी की गई है, रिवीजन की या पैंटी ान की। पहले उसमें थे तीस दिन, अब यह पन्द्रह दिन करने की बात आई है। मैं समझता हूं कि पन्द्रह दिन तो बेचारे के नकल लेने या किसी से सलाह लेने में चले जाते हैं। पहले जो मूल बिल है उसमें इस मियाद को चूंकि बडी

डिस्क ान के बाद एक महीना किया गया था इसलिए यह मियाद एक महीना ही रहनी चाहिए ताकि वे बेचारा कम से कम किसी से बात करके अपने लिए न्याय लेने की कोि ा ा तो करे।

इसके बाद डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसी क्लाज में सब क्लाज बी है। इसके द्वारा सैक ान 18 में से नम्बर 3 धारा को भी हटा दिया गया हैं इसका क्या मतलब होगा यह मैं आपके सामने पढ दूं:—

"(3) The provision in regard to review under this Act shall be the same as provided in section 82 of the Punjab Tenancy Act, 1887 (Punjab Act 16 of 1887)."

यानी जो उस कानून के अनुसार अधिकार मिला हुआ था चाराजोरी करने के लिए यह क्लाज हटाकर वह भी समाप्त हो गया है।

इससे आगे, डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस क्लाज के सब क्लाज सी में जो 60 दिन की मियाद थी उसको घटाकर 30 दिन करने की बात है। मैं समझता हूं कि 60 दिन जब बडे सोच समझ कर किए गए थे तो 30 दिन करने की बात में क्या जल्दी है। यह तो लोगों से जल्दी भूमि छु डाने की बात है। वे तो इधर उधर रोते फिरेंगे। यह बात ठीक नहीं होगी। पहले न्याय पूरा देकर जिसके पास फालतू जमीन निकलती हो वह लीजिए। जल्दी में जो काम किया जाएगा वह अच्छा नहीं होगा। इसलिए यह मियाद भी कम नहीं होनी चाहिए।

फिर आप इसी क्लाज की सब क्लाज डी देखें। इसमें भी सैक ान 18 का एक सब सैक ान जो असल एक्ट में है हटाने की बात है। यह भी मैं आपको पढ कर सुना देता हूं :–

"(5) Any person aggrieved by an order of the Commissioner made under sub section (2) may within sixty days from the date of the order, file a revision petition before the Financial Commissioner so as to challenge the legality or propriety of such order and the Financial Commissioner may pass such order as he may deem fit. The order of the Financial Commissioner shall be final."

यानी फाईनैंि ायल कमि नर के सामने जाने के अधिकार को भी रोक दिया है। ये बातें क्यों की जा रही हैं इसको पंडित जी जानते होंगे। मुझे तो ऐसा लगता है कि ये चाहते हैं कि लोगों को मौका ही न दो कि वे न्याय प्राप्त कर सकें। यह अच्छी भावना नहीं है। इसलिए भी मैं कहता हूं कि आज जो विधेयक हमारे सामने है इसको नामंजूर किया जाना चाहिए।

इससे आबे इसी क्लाज में नम्बर 7 के आगे कहा गया है :–

"(7) No appeal under sub section (1) or sub section (2) of revision under sub section (4) shall be entertained unless the appellant or the petitioner, as the case may be, has deposited with the appellate or revisional authority a sum equal to thirty times the land holdings tax payable in respect of the disputed surplus area."

यानी उसको तीस गुना लैण्ड टैक्स अदा करना पडेगा तब वे बात कर सकेंगे, अर्जी देने से पहले। अर्जी देने से पहले यदि उसको रूपया जमा करना पडेगा तो उसको कितना बोझा उठाना पडेगा, यह किसी से छिपी हुई बात नहीं है। मैं तो कुछ ऐसा समझता हूं कि सरकार तो यह समझती है भाायद जिसके पास जमीन है वह बडा साहूकार आदमी है जिसके पास जमीन है उसके पास रूपए की कोई कमी नहीं है। इसलिए उन पर ऐसी ऐसी भार्तें लगाई जाती हैं। सरकार को पता होना चाहिए और पता होगा भी कि जमींदारों की आमदनी बहुत कम है लेकिन पता नहीं सरकार जान बूझकर कर आंखें बंद कर लेती है या कोई और कारण है। मैं सरकार से यह अर्ज करूंगा कि एक कमेटी मुकर्रर की जाए और वह कमेटी एम0एल0एज0 की बनाई जाए। वह कमेटी सर्वे करे, किसानों के घरों में जाएं, उसका रहने का, खाने का और पहनने का सब ढंग देंखे। क्या कुछ उनके पास सरमाया है क्या उसकी हालत है ? जो यह समझते हैं कि जमीन वाले बहुत तरक्की कर गए हैं, यह गलत बात है। आज किसनों की हालत बहुत कमजोर है। आज किसान सबसे ज्यादा गरीब हैं हरियाणा में तो है ही, लेकिन दूसरे प्रान्तों में भी ऐसी ही हालत है। हरियाणा पंजाब के बारे में जो यह कहा जाता है कि बहुत ज्यादा तरक्की कर गए हैं क्योंकि यहां पर अनाज ज्यादा होता है, वह तो अपनी मेहनत से सब कुछ करते हैं। आज जब किसान उस अनाज को बेचता है तो उसको कोई हिसाब नहीं लगाता। अगर उसकी हालत अच्छी होती तो वह कार रख सकता है कोठी बना

सकता है। थोडी थोडी तनख्वाह लेने वाले भी हर प्रकार की सहूलियतें ले रहे हैं लेकिन एक किसान अपने छोटे कुनबे को भी नहीं पाल सकता है। एक बच्चे को पढाना पड जाए तो बडा जोर मार कर पढा सकेगा। ऐसी हालत में गरीब आदमी को मजबूर कर रहे हैं। जब सरकार से वह गरीब किसान न्याय मांगता है तो कहते हैं कि इतना रूपया जमा कराना पडेगा यह तो कहते हैं कि अर्जी भी नहीं दे सकेगा। यह उसके साथ अन्याय है। उसको इस बात का अधिकार मिलना चाहिए कि वह जो अर्जी दें, उसकी सुनवाई हो। उसके पास जो फालतू जमीन है, वह तो सरकार ले लेगी लेकिन यह जो पहले रूपया जमा कराने वाली बात है यह गलत है। सैक ान आठ भी इसी प्रकार है। इसमें भी किसान के साथ बडा भारी अन्याय किया जा रहा है। इस बिल में जो क्लाज 6 है वह प्रिंसिपल ऐक्ट के सैक ान 20 में सं ाोधन करती है। इसमें 20–ए जोडने की बात भी कही गई है। यह धारा लीगल प्रैक्टी ान की अपीयरैंस को बारा करती है। कोई भी समझ बूझ वाली सरकार ऐसी बातें नहीं कर सकती। इस सरकार में मंत्री महोदय काफी पढे लिखे और सियाने आदमी हैं। अगर ये ही सियाने आदमी जान बूझ कर इस क्लाज को जोडें तो किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। सैक ान 20–ए में लिखा है :

"20A. Bar of appearances of legal practitioner. In any proceedings before an officer or authority except those before the Financial Commissioner under sub section (6) of

section 18, any party may be represented by an agent duly aughorised in writing but not by a legal practitioner."

यानी जो वकील होगा, वह उस किसान के मुकद्दमें में पे ा नहीं हो सकता। वकील तो यह भी नहीं कह सकता कि इस किसान के पास जमीन कम है और इसकी जमीन सीलिंग में नहीं आती है। यह किसान के साथ बडा भारी अन्याय है। जो बडे बडे डाकू हैं और तीन तीन कत्ल एक साथ कर देते हैं लोगों को लूटते हैं चोरियां करते हैं स्मगलिंग करते हैं, हर प्रकार से बदनाम हैं वे भी वकीलों का सहारा ले सकते हैं वे भी अदालत में न्याय मांग सकते हैं लेकिन किसान को इससे इंकार किया जा रहा है, यह उचित नहीं है। किसान को तो उन लोगों से भी ज्यादा जुल्म करने वाला सामझा गया है।

उपाध्यक्षाः चौधरी साहब, आपने काफी टाईम ले लिया है, इसलिए आप खत्म करें।

चौधरी ि ाव राम वर्माः डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह तो हमारे जीवन मौत का सवाल है, इस पर तो बोलने का टाईम मिलना ही चाहिए – विघ्न– पंडित जी मन तो आपको भी यह कह रहा है कि यह गलत काम हकया जा रहा है। मैंने तो जो कुछ भी यहां कहा है वह किसान की भलाई के लिए कहा है। (हंसी)

पंडित चिरंजी लाल भार्माः डिप्टी स्पीकर साहिबा, उनके चेहरे पर जो मुस्कुराहट है, उससे तो यह जाहिर होता है कि वे अपनी बात को कहने में इतने सीरियस नहीं हैं– (हंसी)

चौधरी ि ावराम भार्मा: अगर पंडित जी, कुछ उल्टी सीधी बातें सुनना चाहते हैं तो उनकी मंजूरी दिलवा दें, मैं वे भी कह दूंगा।

पंडित चिरंजी लाल भार्मा: आपकी सनसनाती गोलियों भी केरे लिए फूल होंगी। (हंसी)

चौधरी ि ाव राम भार्मा: डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज का किसान तो आम व्यक्ति से भी बावला है। वह किसी को कुछ भी नहीं कह सकता। उसको टिकट लेने के लिए भी जद्दोजहद करनी पडती है। यदि उसको थाने या कचहरी में जाना पडे तो और भी अधिक कठिनाई हो जाती है। किसान को सरप्लस लैण्ड के विशय में कोई ज्ञान ही नहीं है। अदालत में जाकर वे कैसे आर्गुमैंट कर सकता है। मेरे पास कई व्यक्ति आए, उन्होंने कहा कि मेरे पास 35 किल्ले जमीन है और उसका मुझे कुछ भी हिसाब हिताब नहीं आता है। जो कानून बनाया जा रहा है उसके अनुसार किसान बाहर तो वकील की सलाह ले सकेगा लेकिन अदालत में उसकी कोई भी सहायता नहीं ले सकता। आज का किसान वाक्या ही में गूंगा है। उसकी जबान बंद है। बहुत से ऐसे किसान भी हैं जो जुबान होते भी गूंगे हैं। अगर न्याय करना है तो उनको वकील करने की आज्ञा जरूर होनी चाहिए।

मैं इस बिल के विशय में एक बात और कहूंगा कि इन्होंने फाइनैंि ायल कमि नर के पास जाने की क्लाज भी हटा

दी है। (विघ्न) फाइनैंि ायल कमि नर के पास कैसे जाएगा जब आपने वह क्लाज ही हटा दी है। इन सब बातों के लिखने की क्या जरूरत रह गई थी, जबकि फाईनैंि ायल कमि नर, यदि वह उचित समझें तो किसी केस को सुओ मोटो मंगा सकता है। इसलिए सारी बातें सोचनी चाहिएं। यह सरकार यूं क्यों नहीं सोचती कि जब कोई चीज लेनी है उस किसान को पूरा अधिकार मिलना चाहिए, ताकि अदालत में वह अपनी पूरी बात कह सके। अगर उसको अपनी बात कहने का अधिकार नहीं मिलेगा तो कौन यह कह सकेगा कि यह कह सरकार न्याय करती है। तो इसके अंदर जितनी भी बातें मैंने कही हैं वे किसान की भलाई की हैं। (विघ्न) क्लाज 6 प्रिंसिपल ऐक्ट की धारा 20 को अमैंड करती है इसकी तरफ मैंने मंत्री महोदय का ध्यान दिलाया है। (घंटी) इसके बारे में एक अन्तिम बात कहकर मैं बैठ जाता हूं। रूल में एक ऐसी बात आई है, इस ऐक्ट में तो नहीं है। उसके अंदर कुछ कैटेगरीज गिनाई गई हैं कि उसका बेटा, उसका रि तेदार मुजारा नहीं समझा जाएगा। मेरी समझ में यह नहीं आया कि बेटे को क्यों मुजारा नहीं माना जाएगा।

17.00 बजे।

एक बाप के नाम जमीन है और उसका बेठा बोता है तो क्यों उसको मुजारा नहीं समझा जाता। आप उसको मुजारा न मानकर उससे जमीन ले लेते हैं और उसको किसी दूसरे को दे देते हैं तो दूसरे को जमीन मिल गई। दूसरे के पास जमीन हो

गई और पहले वाला बगैर जमीन के रह गया। इसका क्या फायदा हुआ कि एक को तो उखाड दिया और दूसरे को दे दी। पता नहीं कि वह नया आदमी खेती कर भी पाएगा या नहीं। जो बाप दादा के जमाने से खेती कर रहा है उसी को जमीन का पता है नए आदमी के बारे में कुछ पता नहीं है। अगर आपने उथल पुथल ही करनी है तो दूसरी बात है लेकिन लोगौं को पता है कि इसका कोई फायदा नहीं है। इसलिए मैंने जो सुझाव दिए हैं यदि सरकार उनको मान ले तो अच्छा रहेगा नहीं तो मैं अपनें माननीय साथियों से निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो सं ाोधन विधेयक आया है वे इसको मंजूर न करें जिससे किसान के सामने अधिक कठिनाइयां न आएं।

चौधरी दल सिंह (जींद): डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो मो ान चौधरी ि ाव राम वर्मा ने दिया था वही मो ान मैंने दिया था। सरकार ने जो हरियाणा सीलिंग आन लैण्ड होल्डिंग्ज बिल 1972 में सं ाोधन करने के लिए आज यह बिल पे ा किया है उसके बारे में वर्मा जी ने कुछ बातें डिटेल में कहीं हैं। मैं भी कुछ इस संबंध में कहना चाहता हूं। इस बिल के अंदर सैक ान 12, 15, 18 तथा 21 जो कि प्रिसिंपल ऐक्ट के सैक ान हैं और जिनको तरमीम किया जा रहा है, वे किसान के लिए बडा घातक है।

सैक ान 18 के सब सैक ान 1 और 2 में अपील का पीरयड घटाया जा रहा है। अब 30 दिन की बजाये 15 दिन किया

जा रहा है और 60 दिन की बजाये 30 दिन किया जा रहा है और इस पीरियड को घटाने के बारे में यह दलील दी जा रही है कि हम जल्दी ऐक्सपीडाइट करना चाहते हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, 1972 के अंदर यह कानून पास हुआ, आज चार9 साल हो गए हैं, यह सरकार इस कानून को लागू नहीं कर सकी है। जब यह बिल पास हुआ था, उस समय यही सरकार, यही मैंबर थे, जिन्हौंने तीस दिन और साठ दिन वाली बात पास की थी। इस ऐक्ट को पास करने वाली यही सरकार थी और आज उसी मियाद को वही सरकार, वही मैंबर घटाने जा रहे हैं। आज तक यह सरकार इसको ऐक्सपीडाइट नहीं कर सकी। चार साल का समय गुजर गया और इसका कारण यह है कि बार बार इस हाउस के अंदर ये गलत बात रखते हैं। उसके खिलाफ अपील होती हैं और इस तरह से देरी लगती है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो मियाद की बात है यह गलत है। मैं यह रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि किसानों की हालत को ध्यान में रखते हुए इस सरकार को हमदर्दी दिखानी चाहिए न कि लाठी के जरिए इस मियाद को कम करना चाहिए। यह किसान के लिए बडी घातक बात है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसके अंदर 7 और 8 नई क्लाजें जोडभ जा रही हैं। क्लाज 7 में कहा गया है कि जितना टैक्स लगा है उसका तीस गुण जमा करे उसके बाद ही अपील हो सकती है सरप्लस एरिया के बारे में। मैं कहना हूं कि जमीन किसान की है, वह उसका मालिक है लेकिन वही पैसा जमा कराए

अपील करने के लिए। सरकार के पास सारी ताकत है, वह बाद में जमीन ले सकती है। अपील का फैसला होने के बाद कानून के जरिए सरकार ले सकती है। आज तो हालत यह है कि अगर सरकार के खजाने में पचास रूपए जमा करा दिए जाएं तो उन पचास रूपयों को निकलवाने के लिए पचास रूपए और चाहिएं। मैं तो कहता हूं कि पैसा आप जमा करवा सकते हैं लेकिन निकलवा नहीं सकते। सैक ान 8 में यह कहते हैं कि अपील करने से पहले लैण्ड होलिंडग्ज टैक्स का 30 गुणा लाइसैंस फी के तौर पर जमा कराए। इस सैक ान 8 में लिखा हुआ है :–

"Notwithstanding anything contained in Section 21, a person who files and appeal or a revision against the order declaring his land as surplus area and the appeal or revision filed by him fails, shall be liable to pay, for the period is or has at any time been in possession of the land declared surplus to which he si or was not entitled under the law, a licence fee equal to thirty times the land holdings tax, recoverable in respect of this area."

यह लाइसेंस फी वाल कितनी अजीब बात है कि सरप्लस करने के बाद अगर वह अपील करे तो तीस गुणा लाइसैंस फी दाखिल करनी पडेंगी। लोग रोजाना कोर्ट में जाते हैं अगर कोई अपील में हार जाता है तो वह अपने घर बैठ जाता है। जायज बात होनी चाहिए। हर चीज कानून के अंडर होनी चाहिए। कोई नाजायज बात सरकार की तरफ से नहीं होनी चाहिए। लाइसैंस फी जमा कराने की पाबन्दी नहीं होनी चाहिए। हमने

पहले भी देखा है कि लैण्ड टैक्स के ऊपर हमारे पण्डित जी ने फरमाया कि हम तीन करोड रूपया लेंगे। मैं दावे के साथ कहता हूं कि जिन गांवों के अंदर छह साल से पानी नहीं मिला उन जमीनों को नहरी का त दिखाया और टैक्स वसूल किया। यह ऐसी बातें करते हैं जो किसान के लिए घातक हो सकती हैं। मेरी यह दरखास्त है कि ऐसी बात नहीं करनी चाहिए जो किसान के लिए घातक हो। Section 9 of the Principle Act relates to selection of permissible are and persons required to furnish declaration. यानी कि वह जमीन के बारे में डिक्लेयरे ान दे और सरप्लस जमीन के बोर में इतने रोज के अंदर फार्म भरे और अगर फार्म नहीं भरेगा तो सजा होगी। डिप्टी स्पीकर साहिबा, किसान के पास रिकार्ड नहीं है। सरकार के पास जमाबन्दी का रिकार्ड है, गिरदावरी का रिकार्ड है। बिना रिकार्ड के एक गरीब किसान कैसे फाइन्उ आउट करेगा कि उसके पास इतनी जमीन सरप्लस है। साथ में यह कर दिया है कि वह अपील नहीं कर सकता। सरकार के पास रिकार्ड है वह पता कराए कि कितनी जमीन सरप्लस है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसमें कहा गया है कि लीगल प्रैक्टी ानर किसान की मदद नहीं कर सकता। मेरी यह दरखास्त है कि प्रिंसीपल ऐक्ट की क्लाज 9 को डिलीट किया जाए और उसकी जगह सरकार खुद नक ाा तैयार कराए कि फलाचं की इतनी सरप्लस जमीन है और फिर आब्जैक ान ले और उसका फैसला करे। (घंटी)

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहिबा, किसी बिल पर जब क्लाज वाइज डिस्क ान हो रही हो तो उसमें कैसे टाईम की पाबन्दी हो सकती है कि कोई बात नहीं होनी चाहिए।

उपाध्यक्षाः अभी तीन चार बिल और हैं There is no qeustion of Pabandi. चौधरी साहब, आप वकालत क्यों कर रहे हैं ?

चौधरी रिजक रामः यह हमारा राईट है। बिल पर जब जनरल डिस्क ान हो तो टाईम की कोई पाबन्दी नहीं हो सकती।

उपाध्यक्षाः मैं पाबन्दी नहीं लगा रही हूं।

Ch. Rizaq Ram: Most respectfully I beg to submit that when an Hon'ble Member is participating in general discussion on the Bill, no time limit can be imposed.

उपाध्यक्षाः आर्डर प्लीज।

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर कोई ऐसी बात है कि काम का बहुत जोर है फिर तो हम कोऑप्रेट करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं लेकिन जब ऐसी कोई बात नहीं तो फिर मैंबर को बिलों पर बोलने के लिए पूरा मौका मिलना चाहिए।

उपाध्यक्षाः चौधरी साहब, यह तो आप कह रहे हैं, पर जो और बोलने वाले हैं वे भी कहं तो हम टाईम बढा सकते हैं और रात 9 बजे तक भी बैठ सकते हैं। (ाोर)

(इस समय दो तीन आनरेबल मैंबर बोलने के लिए खडे हुए। (विघ्न)

Deputy Speaker: Order please. No interruptions please.

श्री अमर सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा प्वायंट आफ आड्डर है कि आनरेबल, मैंबर चौधरी रिजक राम जी न तो प्वायंट आफ आर्डर पर खडे होते हैं और न ही कोई ऐसी व्यवस्था सीक करते हैं, यूं ही खडे होकर बची में लुढ़क पडते हैं। (ाोर)

Deputy Speaker: I already suggested him that he should speak on a point of order and not like this. (Interruptiosn)

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपका हुक्म माना जाएगा लेकिन ये तो नए नए मुसलमान बने हैं। (हंसी एवं विघ्न)

Deputy Speaker: Ch. Dal Singh Jee, please continue your speech.

श्री ओम प्रका ा गर्गः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा प्वायंट आफ आड्डर है कि चौधरी रिजक राम जी तो मुसलमान बनकर हिन्दू बने और फिर हिन्दू बनकर मुसलमान बन गए। (हंसी एवं भाोर)

चौधरी रिजक रामः बहन जी, यह तो काली ऐनक लगाते हैं न ही इनको किसी बात की समझ आती है और न ही इनको पता ही लगता है। (हंसी एवं विघ्न)

Deputy Speaker: Ch. Dal Singh Jee, please continue your speech. No interruptions please.

चौधरी दल सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कह रहा था कि रिलीजस और एनडोमैंट ऐक्ट में सरकार से एक गलती हुई है। पहले तो सरकार ने यह फैसला किया था कि हम सरप्लस जमीन को लेंगे और अब सरकार जो धार्मिक संस्थाएं हैं, वहां पर जो 100–100 सालों से मुजारे बैठे हुए थे, आबाद थे, उनके अपने गांव आबाद थे, उनको बेदखल करने जा रही है और आप अंदाजा लगाएं कि एक दो गांव अछान और तेग बहादुरपुर वगैरह हैं, लोगों ने वहां पर अपने मकान बना लिए हैं, तालाब बना लिए हैं, कुएं बनवा लिए हैं और आज प्रिंसिपल ऐक्ट की धारा 9 के अन्तर्गत एक प्रोविजन लगा रहे हैं कि धार्मिक संस्थाओं की जमीनों पर जो व्यक्ति हैं, उनको उनकी जमीनों से बेदखल किया जा सकता है। अगर उन लोगों के साथ ऐसा किया गया तो यह बड़ी घातक बात होगी। इन अल्फाज के साथ मैं अपनी तकरीर खत्म करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि यह जो अमैंडिंग बिल यहां पर लाया गया है, यह किसानों के हकूकों की रक्षा के लिए नहीं है। तो मेरी गुजारि ा है कि जो यह तरमीमी बिल पे ा किया गया है उसमें जो खराबियां बताई गई हैं, उनकी ओर

सरकार ध्यावन दे और जो नई बातें बताई गई हैं उनकी तरफ भी सरकार ध्यान दे और क्लाज 9 को डिलीट कर दिया जाए, ताकि लोगों को उनकी जमीनों से बेदखल न किया जा सके।

चौधरी रिजक राम (राई): डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज यह जो बिल इस हाउस के सामने पे ा किया गया है इसमें कई सैक ांज ऐसी हैं जो पुराने ऐक्ट की हैं। पहले तो इनमें आर्डीनैंस के जरिए तरमीम की गई थी और अब इस बिल के जरिए तरमीम की जा रही है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जिन क्लासिज के बारे में वर्मा साहब और चौधरी दल सिंह जी ने बहस की है उनको न छेडते हुए मैं बहुत थोडे समय में ही कुछ अल्फाज अर्ज करूंगा। हम अपने सुझाव तो देंगे ही लेकिन हमें यह पता है कि मिनिस्टर साहब ने हमारी किसी बात को मानना तो है नहीं। ब्राह्मण की जुबान झूठी तो हो नहीं सकती लेकिन समझाना तो हमारा फर्ज है। मुझे यह आ ाा भी है कि वे आखिर में मान जाएंगे। अगर वे पहले ही हमारी बात को समझ, जाते तो भाायद इस आर्डीनैंस को लाने की जरूरत ही न पडती। उस वक्त भी यह जिद्द कर रहे थे और अब भी जिद्द कर रहे हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पहले इन्होंने सब क्लाज 1 की, सैक ान 12 में, तरमीम की है। उसमें यह लिखा गया है कि जो रकबा पहले सरप्लस डिक्लेयर किया जा चुका है वह उस तारीख से सरप्लस समझा जाएगा जिस दिन से कलैक्टर ने उसको सरप्लस डिक्लेयर किया हो और उसी दिन से उस भूमि के सारे हकूम स्टेट गवर्नमैंट में वेस्ट करेंगें। लेकिन मैं एक बात

अर्ज करना चाहता हूं कि 59–60 से जो जमीन सरप्लस डिक्लेयर की गई है, उसमें से कुछ जमीन तो मालिकों ने बेच दी और कुछ पर वे खुद का त कर रहे हैं और कुछ पर मुजारों से का त करवाते रहे और फिर 59 से वह सारे हकूक मालकान को देना चाहते हैं, क्या यह मुमकिन है ? जो उसने मुनाफा उठाया, जो उसने जमीन बेच दी चाहे जो कुछ भी कर दिया या सरकार ने जमीन एक्वायर कर ली वह सारी आप ले रहे हैं तो यह किस तरह से प्रैक्टिकेबल है। दूसरी तरफ सैक ान 13 है जिसमें डिक्लेयर्ड रकबा सरप्लस किया जाएगा और वह सरकार में उस दिन वैस्ट करेगा, जिस दिन कब्जा लेने का नोटिस देंगे लेकिन डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसके साथ साथ आप सैक ान 8 को देंखे। मैं यह कहता हूं कि जब विधेयक बनता है तो उसे अफसर, एल0आर0 और कानूनी म ानिरी सभी देखते हैं। हमारे वजीर साहब भी खुद वकील हैं लेकिन फिर भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता। सैक ान 8 में इन्होंने यह कर दिया कि पुराने ऐक्ट के तहत परमिसिबल एरिया से ज्यादा जमीन जो सन 58 तक बेचल दी गई वह सारी ट्रांसफर जो बोनाफाइडी होगी वह भी वैलिड है। इसके साथ सैक ान 4 भी है और सैक ान 8 भी है। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि आप 24 जनवरी, 1971 के बाद की भी ट्रांसफर को वैलिड कर रहे हैं और 30 जुलाई सन 58 तक की जो ट्रांसफरज हैं उनको भी वैलिड करार दे रहे हैं और सारे राइटस को सरकार लेने जा रही है। सैक ान 12 में कर रहे हैं from the date when declaration was made. यही नहीं, बल्कि सैक ान 8 की क्लाज 1

में आपने प्रोवाइड किया है कि इस दौरान में और आगे तक भी अगर सरकार एक्वायर कर ले या ट्रांसफर हो जाए, तो वह जायज मानी जाएगी। मैं कहता हूं कि अगर डिक्लेयर करने के बाद इनहैरिटैंस से जमीन चली गई उसके बच्चों में और एक्वायर कर रहे हैं जिस दिन डिक्लेयर करेगा तो इन दोनों सैक ान्ज को आप कैसे कम्पैटिबल करेंगे ? टू बी मोर क्लियर एक तरफ तो आप कर रहे हैं कि इनहैरिटैंस के जरिए किसी वक्त भी अगर किसी बाप की जायादाद बच्चों में चली गई तो वह इनहैरिटैंस से सेव हो जाएगी। सैक ान 12 में आप कर रहे हैं कि जिस दिन कलैक्टर ने डिक्लेयर कर दिया कि यह सरप्लस रकबा है उस दिन से सरकार के पास सारे राइटस चले जाएंगे। तो सैक ान 12 और 8 को आप इन कनसिसटैंट बना रहे हैं, एक दूसरे से ये सैक ान्ज कम्पैटिबल नहीं हैं। आप कहते हैं कि वकील पे ा नहीं हो सकेगा, मत पे ा होने दो इसमें सभी की दिलचस्पी है कि यह मसला जल्द से जल्द निपटाया जाए। पिछले सै ान में भी मैंने कहा था और आज भी इस सदन में अर्ज करना चाहता हूं कि यह जो सरप्लस लैण्ड की बीमारी है या डिस्ट्रिब्यू ान आफ लैण्ड की है यह आज से नहीं बल्कि सन 1947 से चली आ रही है। इस बीमारी की वजह से देहातों में खींचातानी, टैन ान की हालत पैदा हुई है, क्लास वार आपने भाुरू कर रखी हे इसलिए इसको जल्द खत्म किया जाए। इधर जो दूसरे लोग हैं वे कहते हैं कि हमें जमीन मिलेगी लेकिन आज तक यह सरकार उन्हें जमीन दे नहीं सकी बल्कि इसकी वजह से टग आफ वार हो रही है। मैंने सरकार से यही प्राथ्रना

की थी कि इस सवाल को जल्द से जल्दी निपटा दिया जाए, चाहे आप इसके लिए सख्ती करें या सख्त से सख्त कानून बनाएं हमें कोई आपत्ति नहीं आप एक बार ही इस प्रॉब्लम को हल कर दें ताकि देहातों में लडाई न हो और किसान मजदूर और मेहनतक ा लोगों के आपस में जो लडाई झगडे हो रहे हैं वे खत्म हो जाएं। पोलिटीकल मोटिव से जो आप इस मसले को 20–25 साल से जिंदा रखे हुए हैं, इसको जल्द से जल्द खत्म करें। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपने भी और हमारे दूसरे माननीय सदस्यों ने भी दुनियां की तारीख पढी होगी। जापान में, ताइवान में, फिलीपाईन में, ईस्ट एि ाया तथा पाकिस्ताान में जो तकरीबन सभी अंडर डिवैल्पड दे ा हैं, लैण्ड रिफार्मज हुआ है और इसके बाद वहां अच्छे हालात भी पैदा हुए हैं और तरक्की भी हुई है। मैंने जापान के लैण्ड रिफार्मज का इतिहास पढा है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप हैरान होंगी कि वहां 29 जनवरी 1948 को कानून पास हुआ कि हमें लैंड रिफार्मज करना है और सन 1948 में 72 से यह करते आ रहे हैं लेकिन आज तक आप इस मसले को सुलझा नहीं सके। ताइवान में 1953 में कानून पास हुआ और 1955 में सारी जमीन तकसीम कर दी गई क्योंकि उन्होंने कहा कि अगर इस मामले को ज्यादा लम्बा खींचेगे तो लडाई झगडे हों गे और आपी डिवीजन पैदा होगी और उस डिवीजन की वजह से नुक्सान होगा। मेरे काबिल दोस्त चौधरी दल सिंह और वर्मा जी ने कई बातें कहीं जिनमें बडा भारी वजन था लेकिन उसके साथ साथ मैं यह कहने के लिए तैयार हूं कि इस बात का जल्द से जल्द निपटारा करने के लिए अगर

कानून में और भी सख्ती करनी पडे तो वह बुरी बात नहीं होगी। तो मैं सैक ान 12 के बारे में अर्ज कर रहा था कि आपने आर्डिनैंस जारी किया और उसके बाद आप यह बिल लाए हैं जिसमें यह है कि सन 1958 से किसी आदमी का जो एरिया सरप्लस डिक्लेयर हुआ है उसके सारे हकूक उस दिन से चले जाएंगे जिस दिन से कलैक्टर का फैसला होगा और साथ ही आप प्रोवाइड कर रहे हैं कि अगर वह आदमी मर जाए तो उसकी जमीन उसके बच्चों की विसातत में चली जाएगी जिससे उसको फायदा पहुंचेगा। इसको ि ाडयूल 9 में लाकर आपने कोर्टस के परव्यू से तो बाहर निकाल लिया है लेकिन ऐक्ट की इंटरसैंक ान्ज में जो कनफलिक्ट है उसको आप फालो नहीं कर पाए। दौलता साहब यहां बैठे हैं, बडे खु ा हैं, उनकी और हमारी चांदी हो गई है क्योंकि हाई कोर्ट में जाने के लिए वकीलों पर कोई पाबन्दी नहीं है। ऐक्ट में जितनी इंटरसैन्क ांज कनफलिक्ट होंगी उतना ही उनको फायदा है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन्होनें यह तरमीम की, जिसकी वजह से बजाये जल्दी के इसमें देरी लगी। दूसरी और बात है कि जिन लोगों का रकबा पहले सन 1959–60 में डिक्लेयर कर दिया उन के हकूक के लिए और उनको दे दिए। फिर सन 1958 तक जो ट्रांसफर्ज हुई हैं वे वैलिड होंगीं। इस ऐक्ट के तहत जमीन जो नई सरप्लस डिक्लेयर होगी, उनकी ट्रांसफज्र जो हैं, वे 24 जनवरी 1971 के बाद भी करेंगे अगर वे बोनाफाइडी हैं। यह तो जायज हैं, चाहे सारी जमीन कर दो वह जायज है, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि आप यह

डिस्क्रिमिने ान किस तरह से कर सकते हैं कि एक आदमी का पुराना रकबा जो पहले सरप्लस डिक्लेयर हो चुका है उसके लिए तो आपने 30 जुलाई तक किया है और जो आगे होगा उसके लिए छूट दे दी तो यह डिस्क्रिमिने ान की बात है यह नहीं हो सकती। यह ऐक्ट कांस्टीच्यू ान के खिलाफ हे।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, दूसरी जो तरमीम की है वह सैक ान 15 में है जो कि इन्होंने रिसैटलमैंट की स्कीम बनाई है। रिसैटलमैंट की स्कीम में, ऐक्ट में भी तरमीम की है और रिसैटलमैंट की स्कीम भी बना कर दी है। रिसैटलमैंट की स्कीम के बारे में नौ कैटेगरीज रखी हैं जिनको जमीन देना चाहते हैं। रिसैटलमैंट स्कीम के सैक ान 4 और एक्ट के सैक ान 15 की सब क्लाज 1, 2 वगैरह हैं। पहले इन्होंने सैक ान 4 में कहा है कि –

"A tenant holding land declared as the tenant's permissible are under the Punjab law or the Pepsu Law, as the case may be;"

एक तो उसको जमीन मिलेगी जिसको ओल्ड ऐक्ट के तहत परमिसिबल है। दूसरे उनको रखा है जो टैनैंट हैं जिनको जमीन औल्ड एक्ट के तहत सरप्लस अलाट होती है, तीसरे उनको रखा है, जो टैनैंट लाएबल टू इजैक्टमैंट हैं। सैक ान 9 के मुताबिक उसको जमीन देने की तजवीज है। चौथा इसमें प्रोवीजन है that a tenant who has been on the permissible are of the

land owner or a tenant. जो स्माल लैण्ड औनर का मुजारा हो उसको जमीन देंगे। पांचवा इन्होंने कहा है a tenant settled on the surplus area by the land owner before Kharif, 1968.

खरीफ 1968 से पहले जिसको लैण्ड औनर ने खुद अपनी जमीन पर बैठाया हो, ब ार्ते कि वह उसका रि तेदार न हो, जो जो कैटेगरीज उन्होंने उनकी दी हैं, तो उसको यह कहते हैं कि उसको दो एकड जमीन देंगे। फिर ज्यादा इम्पार्टेंट बात जो है कि जिसकी तरफ मैं डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपके द्वारा मंत्री महोदय की तवज्जोह दिलाना चाहता हूं वह इसकी सब क्लाज एफ है। उसमें कहा गया है एन एग्रीकल्चरल वर्कर। ऐग्रीकल्चरल वर्कर को डिप्टी स्पीकर साहिबा, डिफाईन किया गया है और उसमें कोई एतराज की बात नहीं है कि एग्रीकल्चर वकर को जमीन न दी जाए जिसका मेनली गुजारा जमीन पर हो। जिसको गुजारा जमीन की आमदन पर हो वह ऐग्रीकल्चरल वर्कर है। इसके बाद कैटेगरीज जी0एच0 और आई हैं, जो इस तरह हैं :—

"Category F- An agricultrual worker;

Category G- a landless person;

Category H- an ex serviceman

Category I- a person owning land measuring less than two hectares of 'C' category or land of its equivalent value.

तो मैं अर्ज करना चाहता हूं कि इसमें जी0एच0आई0 क्लाजिस में लैण्ड लैस परसंज और आइ0क्लाज में भी 'ए' पर्सन दिया है और पर्सन को सैक ान 3 की सब क्लाज एम0 में डिफाइन किया है। पर्सन में कम्पनी भी हो सकती है, ऐसोसिए ान कोर्पोरेट हो, इनकार्पोरेट हो, कोई भी हो, वह सब पर्सन में भाामिल हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि रिडिस्ट्रिब्यू ान आफ लैण्ड में आप किसको जमीन देना चाहते हैं। यह सरकार अगर एग्रीकल्चरल वर्कर को दे, तो ठीक है, लेकिन यहां लैण्डलैस पर्सन भी कर दिया। लैण्डलैस पर्सन वाली अजीब बात है लैण्डलैस पर्सन तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, कितने ही दुकानदार हैं कितने ही दूसरे लोग हैं जिनका खेती से कोई ताल्लुक ही नहीं है। आप उनको भी जमीन देना चाहते हैं। जब ऐग्रीकल्चरल वर्कर कर दिया था तो ज्यादा से ज्यादा अगर ऐग्रीकल्चरल लैण्डलैस वर्कर कर देते तब भी ठीक होता लेकिन आपने लैण्डलैस पर्सन कर दिया। लैंडलैस पर्सन में तो एक कम्पनी भी भाामिल हो सकती है जिसने आध बीघा जमीन लेकर फैक्ट्री लगा रखी है और वह भी ऐनटाइटल हो जाएगा कि मुझे भी जमीन दो। पर्सन में तो एक कार्पोरेट बाडी, एसोसिए ान और कम्पनी भी आ जाती है और आप इस ऐक्ट की डैफिने ान के मुताबिक उन को भी जमीन देने के लिए ऐलिजिबल कर रहे हैं।

ऐक्स सर्विसमैंन आपने कर रखा है, ठीक है। ऐक्स सर्विसमैन के लिए सबको हमदर्दी है, लेकिन कौन ऐक्स सर्विसमैंन

है जिसका जमीन पर गुजारा है। उस ऐक्स सर्विसमैंन को आप जमीन दो जिसका जमीन से कुछ वास्ता हो। उसी को दे दो जिसका आज जमीन पर गुजारा हो। मेरा मतलब है कि आपकी रि सैटलमैंट की पालिसी उन लोगों तक कनफाइन होनी चाहिए जिनका जमीन से वास्ता हो, गुजारा हो या जो जमीन पर खेती करे। इस तरह से अगर हरेक सर्विसमैन को, जो गेर विस्वेदार हो, आप जमीन दें तो आप एबसैंटी लैण्ड लार्ड क्रिएट करना चाहते हैं। फिर डिप्टी स्पीकर साहिबा, आगे यह किया है :–

"a person owning land measuring less than two hectares"

कोई भी आदमी चाहे कम्पनी हो, सोसायटी हो, एसोसिए ान हो और बडे से बडा आदमी हो अगर उनके पास 2 हैक्टेयर से कम जमीन है तो वह भी एन्टाइटल है। इसमें यह क्लैरिफाई नहीं किया कि उनको गुजारा जमीन से होना चाहिए। यह नहीं किया कि वह खेती करने वाला हो और उसके पास जमीन न हो। तो मैं अर्ज करना चाहता हूं कि यह जो स्कीम बनाई गई है यह सैक ान 15 के तहत बहुत फाल्टी है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, किसी ने भी मांईड एप्लाई नहीं किया और किसी ने नहीं देखा कि ऐक्ट का क्या उद्दे य हैं फिर आगे डिप्टी स्पीकर साहिबा, कहा है :–

"Eligible person, entitled to the allotement of surplus area in the village, falling in any of the Categories from F to I, means a person who has been residing in the

village, wherein the surplus area applied for by him situtate, since the 24th day of January, 1971; and whose annual house hold income does not exceed two thousand and four hundred rupees."

तो दो भार्तें उन्होंने एफ टू आई में लगायी। एफ टू आई में इन्होंने ऐग्रीकल्चरल वकर, लैण्डलैस पर्सन, ऐकस सर्विसमैन और ए पर्सन जिसकी दो हैक्टेयर से कम जमीन हो, के बारे में कहा है कि इन कैटेगरीज में से उस आदमी को जमीन मिलेगी जिसक आदमी की हाउस होल्ड की सालाना आमदनी 2400 रूपए से कम होगी। तो उन में कौन होंगे हरिजन जो कहते हैं 40 परसैंट हैं बैकवर्ड जो 10 परसैंट हैं। बाकी दूसरों को तीसरों को भी मिलेगी। इस तरह से अब इतना भाोर पड रहा है सारे दे ा में और हरियाणा में, दे ा की हम क्या कहें, हरियाणा की ही कह लेते हैं कि हरिजनों को जमीन मिलेगी। देहात में ढिंढोरा पिटवा दिया, मनादी करवा दी कि दरखास्तें दे दो, जमीन मिलेगबी। सब हरिजनों को यह ख्याल हो रहा है कि जमीन मिलेगी। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले 71 के इलैक ान में इससे भी ज्यादा भाोर डाला गया था। (व्यवधान) फैक्टस पर ही आ रहा हूं। फैक्टस ही बता रहा हूं। फैक्टस पर यह बात बता रहा हूं कि लोगों में यह जो ा पैदा हो गया कि जमीन मिलेगी।

हमारे यहां एक तहसीलदार था जो बडा सयाना था और अब रिटायर हो गया है। वह इलैक ान खत्म होते ही जीप लेकर हरिजनों के मुहल्लों में गांव गांव गया और जो भी भागीदार

थे सबको जीप मैं बैठाया और सोनीपत ले आया। कहने लगा कि चौधरी बंसी लाल जी और पोसवाल साहब भी बहुत राजी हुए हैं इनाम देंगे। इनाम क्या मिलना था ? जो भागीदार थे सारे जेल में डाल दिए। घर वाले भी तला ा करते फिरे कि तहसीलदार ले गया है, कहां चले गए। तला ा करते करते हवालात में पाए गए। उन्होंने उनसे पूछा कि हवालात में कैसे बैठे हो। कहने लगे कि किल्लै कटने लग रहे हैं, पैमाय ा होने लग रही है। (व्यवधान) वे अभी कटने लग रहे हैं। (व्यवधान–हंसी) तो मैं अर्ज करना चाहता हूं कि उन हरिजनों को जमीन देंगे जिनकी हाउस होल्ड की 2400 रूपए से कम साल भर की आमदन होगी ..... क्यों बहकाते हो .....

